मुझे लगा कि गिल पहले टेस्ट से लेकर इस टेस्ट तक बहुत अच्छा कर रहे है। मेरे हिसाब से कोई भी जन्म से ही कप्तान नहीं होता। वह शानदार कर रहे है। वह जो चाहते है, उसके प्रति आश्वस्त दिख रहे है। – पार्थिव पटेल

पूर्व भारतीय विकेटकीपर, शुभमन गिल की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — विराट कोहली



कोहली को छोड़कर बाकी तीनों टेस्ट टीम का नियमित हिस्सा हैं। कोहली ने इसी साल टेस्ट से संन्यास लिया था। एक वक्त था, जब कोहली तीनों प्रारूपों में राज करते थे, लेकिन पिछले पांच वर्षों में इस प्रारूप में उनके फॉर्म में गिरावट आई। वहीं, इन पांच वर्षों में रूट एक महान टेस्ट बल्लेबाज बनकर उभरे हैं। पिछले कुछ वर्षों में फैब फोर में शामिल चारों बल्लेबाजों ने दुनिया भर में अपने प्रदर्शन से खूब नाम कमाया। रूट, विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन की। पूर्व क्रिकेटरों के बीच इनमें से सर्वश्रेष्ठ चुनने की होड़ लगी होती है। कोहली को छोड़कर बाकी तीनों टेस्ट टीम का नियमित हिस्सा हैं।

क्या आप जानते हैं ?... इंग्लैंड ने 669 रन बनाने के साथ ही कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। इसके लिए उन्होंने 91 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

आज से 23वीं राजस्थान स्टेट शॉटगन प्रतियोगिता का आगाज़

जयपुर, 26 जुलाई। राजस्थान राईफल एसोसिएशन को आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कल 27 से 23वीं राजस्थान स्टेट शॉटगन प्रतियोगिता प्रारम्भ हो रही है। स्कीट, ट्रैप एवं डबल ट्रैप की स्पर्धाओं में राज्य भर से लगभग 300 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य के कई नामचिन महिला एवं पुरूष खिलाड़ी जैसे-दर्शना राठौड़, कार्तिकी सिंह शक्तावत, संयोगिता शेखावत, अली अमन ईलाही, अनुष्का सिंह भाटी, हर्षवर्धन सिंह काव्या, मानवीय सोनी, उद्धव सिंह एवं विनय प्रताप सिंह इत्यादि एवं साथ ही कई नये खिलाड़ी जिन्होंने इस वर्ष पहली बार शूटिंग खेल में शुरूआत की है, वे भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सब जूनियर नेशनल तैराकी में राजस्थान के 7 खिलाड़ी

जयपुर, 26 जुलाई। बेंगलुरु में 4 और 5 अगस्त को होने वाली सब जूनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप में राजस्थान का सात सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने शनिवार को यहां राजस्थान टीम की घोषणा की। व्यास ने बताया कि राजस्थान की सात सदस्यीय टीम में चार लड़के और चार लड़कियां शामिल हैं। राजस्थान के खिलाड़ी कुल 18 स्पर्धाओं में पदक के लिए मुकाबला करेंगे। उन्होंने बताया कि हर्ष दित्य सिंह राणावत और प्रतीक कुरिया पांच-पांच स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जबकि लड़कियों में अंशिका धाकड़ चार स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगी। **राजस्थान टीम : बालक वर्ग :** हर्षदित्य सिंह राणावत (100 मी. बैकस्ट्रोक, 100, 200 और 400 मी. फ्रीस्टाइल, 200 मी. एमआई), अमन सामोता (100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक), हृदय भोजवानी (100 मी. बटरफ्लाई), प्रतीक कुरिया (100, 200, 400 मी. फ्रीस्टाइल, 200 मी. आईएम, 100 मी. बटरफ्लाई)। **बालिका वर्ग :** अंशिका धाकड़ (100, 200, 400 मी. फ्रीस्टाइल, 200 मी. इंडिविजुअल मेडले), आराध्या व्यास (100 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक), अश्विका चौधरी (100 मी. बैकस्ट्रोक)।

पीजीटीआई के 2025 सीजन के दूसरे भाग का कार्यक्रम घोषित

नई दिल्ली, 26 जुलाई । 2025 सीजन के एक्शन से भरपूर और बेहद प्रतिस्पर्धी पहले भाग के बाद, प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) एक परिवर्तनकारी दूसरे भाग के लिए तैयार है, जिसमें महत्वपूर्ण नए सहयोगों की घोषणा की जाएगी और मौजूदा सहयोगों को और मजबूत किया जाएगा जो देश भर में इस खेल के विकास को तेज गति प्रदान करने का वादा करते हैं। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति और एक विविध एवं एकीकृत ऊर्जा प्रमुख, इंडियन ऑयल, पीजीटीआई के सबसे लंबे समय तक चलने वाले आयोजन, इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स का संरक्षक रहा है, जो इस वर्ष के अंत में अपनी रजत जयंती मनाएगा। इंडियनऑयल इस वर्ष पीजीटीआई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए कई आयोजनों में अपना सहयोग बढ़ा रहा है। पीजीटीआई की इस बढ़त को नया टूर पार्टनर – अमूल, दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य और डेयरी ब्रांड है और अपने 36 लाख किसानों के साथ, अमूल दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था भी है। भारत में एक जाना-माना नाम होने के नाते, अमूल, पीजीटीआई की ब्रांड उपस्थिति को देश भर में बढ़ाने में टूर पार्टनर के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कोल इंडिया लिमिटेड, 1 करोड़ रुपये के पहले आयोजन, कोल इंडिया ओपन को अपना नाम देगा। अहमदाबाद के केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 5 से 8 अगस्त तक आयोजित होने वाला सीजन का दूसरा भाग है।

राहुल 87 और गिल 78 रन बनाकर नॉटआउट

गिल-राहुल के संघर्ष से भारत वापसी की राह पर, भारत 174/2, 137 रन पीछे

मैनचेस्टर, 26 जुलाई। ओपनर केएल राहुल (नाबाद 87) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 78) की जबरदस्त पारियों तथा उनके बीच तीसरे विकेट के लिए 174 रन की साहसिक अविजित साझेदारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को दो विकेट पर 174 रन बना लिए हैं। भारत अभी इंग्लैंड की पहली पारी की 311 रन की बढ़त से 137 रन पीछे है और भारत को मैच बचाने के लिए कल पूरा दिन सुरक्षित निकालना है।

क्या ही कहा जाए इन दो बल्लेबाजों के बारे में। 60 ओवर खेल गए हैं ये दोनों बल्लेबाज। भारत ने दूसरे सेशन में 85 और तीसरे में 88 रन बनाए हैं, वह भी बिना कोई विकेट गंवाए। यह लाजवाब है 174 पर दो विकेट का स्कोर। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि भारत अभी भी 137 रनों से पीछे है। बहुत ही तगड़ा फाइटबैक दिखाया है। देखना होगा कि अब कल तीन सेशन में क्या होता है।

लंच से पहले लगे दो झटकों से भारतीय टीम सहित प्रशंसक सकते में आ गए थे, लेकिन कप्तान गिल और केएल राहुल ने संयम से भरी बल्लेबाजी करते हुए अगले दो सत्र में भारत को कोई झटका नहीं लगने दिया है। दोनों बल्लेबाजों ने जुझारू प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक लगा दिए हैं और इस सीरीज में गिल ने जब भी अर्धशतक लगाया है उसको शतक में तब्दील किया है। राहुल ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए 210 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 87 रन बनाये हैं जबकि गिल ने 167 गेंदों में नाबाद 78 रन में दस चौके लगाए हैं। इससे पहले रवींद्र जडेजा (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने लंच से पहले इंग्लैंड को 669 के स्कोर पर समेट दिया। हालांकि इंग्लैंड ने कप्तान बेन स्टोक्स (141) के शतकीय प्रहार की बदौलत 311 रनों की महत्वूपर्ण बढ़त ले ली है। इंग्लैंड के कल के सात विकेट पर 544 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह ने लियाम डॉसन (26) को बोल्ड कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ब्रायडन कार्स ने कप्तान स्टोक्स का बखूबी साथ निभाया। इसी दौरान स्टोक्स ने सिराज की गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। बेन स्टोक्स ने 37 पारियों बाद टेस्ट में शतक लगाया है। वह एक टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने वाले पांचवें कप्तान है। दोनों बल्लेबाजों के बीच नौवें विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी हुई।

स्टोक्स रवींद्र जडेजा की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में लांग ऑन बाउंड्री पर साई सुदर्शन के हाथों लपके गये। स्टोक्स ने 198 गेंदों मे 141 रनों की पारी खेली। इसके बाद जडेजा ने कार्स को मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट कराकर लंच से पहले इंग्लैंड की पहली पारी का 669 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने चार विकेट लिये। वॉशिंगटन सुंदर और जसप्रीत बुमराह को दो- दो विकेट मिले। अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इंग्लैंड ने तोड़ा मैनचेस्टर में 61 साल पुराना रिकॉर्ड

भारत के खिलाफ 11 साल बाद बने 600 रन

मैनचेस्टर, 26 जुलाई। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 669 रन पर समाप्त हुई। भारत ने पहली पारी में 358 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लिश टीम को 311 रन की बढ़त हासिल हुई। भारत के खिलाफ किसी टीम ने 2014 के बाद पहली बार टेस्ट की एक पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए हैं। इससे पहले 2014 में वेलिंग्टन में न्यूजीलैंड ने ऐसा किया था। तब ब्रैंडन मैकुलम ने 302 रन की पारी खेली थी। यह भारत के खिलाफ इंग्लैंड का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 2011 में एजबेस्टन में इंग्लिश टीम ने सात विकेट गंवाकर 710 रन बनाए थे और पारी घोषित की थी। तब एलिस्टेयर कुक ने 294 रन बनाए थे।

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा : इंग्लैंड ने 669 रन बनाने के साथ ही कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। यह मैनचेस्टर में एक पारी में इंग्लैंड का सर्वोच्च स्कोर है। इसके लिए उन्होंने 91 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले उन्होंने 1934 में यहां 627 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में टेस्ट में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। इस मामले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में आठ विकेट पर 656 रन बनाए थे।इस तरह इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का 61 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

भारत के नाम अनचाहा रिकॉर्ड : टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ सातवीं बार, किसी टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए 350 से ज्यादा रन देने के बाद पहली पारी में 300 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की है। यह इंग्लैंड के लिए पहली बार है। टेस्ट की पहली पारी में 350 से ज्यादा रन देने के बाद उनकी पिछली सबसे बड़ी बढ़त पिछले साल मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ 267 रन की थी (556 रनों के जवाब में 823/7 विकेट)। वहीं, बुमराह ने इस टेस्ट की पहली पारी में दो विकेट लिए। उन्होंने ईशांत शर्मा की बराबरी कर ली और इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। दोनों के इंग्लिश सरजमीं पर 51-51 विकेट हैं।

बुमराह ने पहली बार 100 + रन खर्च किए : इस पारी में चार भारतीय गेंदबाजों ने 100 से ज्यादा रन दिए। टेस्ट मैचों में भारत के लिए ऐसा 25वीं बार हुआ है। इससे पहले ऐसा एक दशक से भी ज्यादा समय पहले हुआ था। 2014/15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में लगातार तीन टेस्ट मैचों में भारत के चार गेंदबाजों ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए थे।बुमराह ने मैनचेस्टर टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान 100 से ज्यादा रन दिए। पहली बार टेस्ट में बुमराह ने एक पारी में 100 रन खर्च किए।

बुमराह टेस्ट से संन्यास ले सकते हैं : मो. कैफ



नई दिल्ली, 26 जुलाई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया और बुमराह की फिटनेस पर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी संन्यास ले चुके हैं। और अब लगता है, बुमराह की बारी है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को शायद इसकी आदत डालनी होगी।

मेरा मानना है कि अब आपको बुमराह के बिना टेस्ट मैच देखने की आदत डालनी होगी। मुझे उम्मीद है और दुआ है कि मैं गलत हूं। लेकिन इस टेस्ट में मैंने जो देखा, उससे ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल भी आनंद नहीं ले रहे हैं। वह अपने शरीर से लड़ाई हार गए हैं। जोश और जुनून तो वही है, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा है। और ऐसी स्थिति में आप क्या कर सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के बाद जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अगले क्रिकेटर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के नंबर एक गेंदबाज का शरीर साथ नहीं दे रहा। 31 वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लय में नहीं दिखे और 28 ओवर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जैमी स्मिथ का एकमात्र विकेट लिया। कैफ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया और बुमराह की फिटनेस पर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें।

सेमीफाइनल में हारी सात्विक और चिराग की जोड़ी

चांगझोउ(चीन), 26 जुलाई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 चाइना ओपन 2025 में अभियान शनिवार को पुरुष युगल सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का चाइना ओपन में दमदार अभियान सेमीफाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से 18-21, 15-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। हार के बावजूद, भारतीय जोड़ी ने अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन से प्रभावित किया और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट्स में सीजन के अपने चौथे सेमीफाइनल में जगह बनायी। इससे पहले वे भारत, सिंगापुर और मलेशिया ओपन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

बेन स्टोक्स बतौर कप्तान एक मैच में शतक और फाइफर लेने वाले पहले अंग्रेज

मैनचेस्टर, 26 जुलाई। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के लिए मैनचेस्टर टेस्ट अब तक शानदार रहा है। उन्होंने मैच के चौथे दिन शतक लगाकर कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। पारी के 146वें ओवर में स्टोक्स ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर चौका लगाकर टेस्ट करियर का 14वां शतक पूरा किया। जो रूट के बाद इस टेस्ट में वह शतक लगाने वाले दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी रहे।

स्टोक्स ने 164 गेंद में शतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर भी जाना पड़ा।वोक्स के आउट होने पर वह मैदान पर आए और बेहतरीन शतक पूरा किया। बतौर खिलाड़ी एक ही टेस्ट में शतक और फाइफर की उपलब्धि हासिल करने वाले वह इंग्लैंड के चौथे क्रिकेटर बने। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 669 रन बनाए और भारत पर 311 रन की बढ़त हासिल की।

इससे पहले भारत की पहली पारी के दौरान उन्होंने पांच विकेट भी लिए थे।स्टोक्स महान सर गैरी सोबर्स और जैक कैलिस की सूची में शामिल हो गए। वहीं, बतौर कप्तान उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो आज तक कोई और अंग्रेज खिलाड़ी नहीं कर पाया था।इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 669। भारत की पहली पारी 358 रन पर समाप्त हुई थी। ऐसे में इंग्लैंड को 311 रन की बढ़त मिली। स्टोक्स ने 198 गेंद में 11 चौके और तीन छक्कों की मदद से 141 रन की पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका को तीन रन से हराकर न्यूजीलैंड ने जीता त्रिकोणीय श्रृंखला का खिताब

हरारे, 26 जुलाई। डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र (47-47) रनों की शानदार पारियों के बाद आखिरी ओवर में मैट हेनरी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने शनिवार को टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को तीन रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए लुआन-द्रे प्रेटोरियस और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 10वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने लुआन द्रे प्रेटोरियस को टिम सीफर्ट के हाथों स्टंप आउट कराकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। लुआन द्रे प्रेटोरियस ने 35 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली।

13वें ओवर में जैकरी फॉक्स ने रीजा हेंड्रिक्स 31 गेंदों में (37) को अपना शिकार बना लिया। हेंड्रिक्स ने अपनी पारी में चार छक्के लगाये। 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान रासी वान डेर डुसेन (18) को एडम मिल्ने ने आउटकर न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने रूबिन हरमन (11) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों को झटका दिया। मैच के आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर मैट हेनरी ने डेवाल्ड ब्रेविस 16 गेंदों में (31) को आउट कर एक बार फिर से मैच को न्यूजीलैंड के पक्ष में कर दिया। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर हेनरी ने जॉर्ज लिंडे (10) को आउट कर मैच को और रोमांचक बना दिया। मैच की आखिरी गेंद पर चार रन की दरकार थी और हेनरी ने उसे खाली निकाल कर न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका पर तीन रनों से रोमांचक जीत दिला दी। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 19 रन देकर दो विकेट लिये। जेकब डफी, जैकरी फॉक्स,मिल्नेऔर माइकल ब्रेसवेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट और डेवोन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। नौवें ओवर में सेनुरन मुथुसामी ने टिम सीफर्ट (30) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 12वें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने कॉन्वे को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। कॉन्वे ने 31 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से (47) रनों की पारी खेली। मार्क चैपमैन (तीन) भी लुंगी एन्गिडी का शिकार बने। रचिन रविंद्र ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाये। माइकल ब्रेसवेल 15 रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट किये।

परनीत ने जीता महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक

एसेन (जर्मनी), 26 जुलाई। भारतीय महिला तीरंदाज परनीत कौर ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया। आज यहां खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत की परनीत कौर को दक्षिण कोरिया की मून यीउन से 146-147 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप अभियान की धमाकेदार शुरुआत की

शिलांग, 26 जुलाई। शिलॉन्ग लाजोंग एफसी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के उद्घाटन मुकाबले में मलेशिया की आर्म्ड फोर्सेज फुटबॉल टीम (एटीएम एफटी) को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। एवरब्राइटसन साना और फ्रांगकी बुआम ने दो-दो गोल किए, जबकि ट्रेइमिकी लामुरोंग और देइबोरमेमे टोंगपर ने एक-एक गोल कर टीम की शानदार जीत में योगदान दिया। शिलॉन्ग लाजोंग के कोच बीरेन्द्र थापा ने युवा खिलाड़ियों के साथ 4-3-3 फॉर्मेशन में टीम उतारी।

14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत

यूएई में 9 से 28 सितंबर तक खेला जायेगा एशिया कप

लाहौर 26 जुलाई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौ से 28 सितंबर तक टी-20 प्रारुप में एशिया कप खेला जायेगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच पर यह जानकारी साझा की। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। यह संस्करण टी-20 प्रारुप में खेला जाएगा। एसीसी के पांच पूर्ण सदस्य (भारत, अफगानिस्तान, बंगलादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका) के अलावा यूएई, ओमान और हांगकांग टूर्नामेंट में स्पर्धा करेंगे।

गुरुवार को ढ़ाका में हुई एसीसी की वार्षिक बैठक में एशिया कप ही अहम मुद्दा था। मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़प के बाद टूर्नामेंट के 17वें संस्करण का भाग्य अनिश्चितता में पड़ गया था।

भारत इस प्रतियोगिता का मेजबान है लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए समझौते के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। अगले तीन सालों तक जिस प्रतियोगिता में भारत और पाकिस्तान दोनों शामिल रहेंगे, उसे तटस्थ्य स्थान पर कराने का समझौता दोनों बोर्ड के बीच हुआ है। यह करार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ठीक पहले हुए था, जिसके बाद भारत ने अपने सारे मुकाबले दुबई में खेले थे जिसमें मेज़बान पाकिस्तान के खिलाफ भी एक मैच शामिल था। दुबई में खेला गया प्रतियोगिता का फाइनल भारत ने जीता था।

अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होंगे या नहीं। जैसा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से होता आ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसा हो सकता है। इससे टूर्नामेंट का अब तक का सबसे आर्थिक रूप से लाभदायक मुकाबला तय हो जाएगा। एशिया कप के प्रारूप का मतलब है कि एक ही ग्रुप में होने से भारत और पाकिस्तान के बीच कम से कम दो मुकाबले होने की संभावना है, और अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो तीन ऐसे मुकाबले होने की संभावना बनी रहती है।

तेजस्वी गहलोत बने के.आई.यू. गेम्स 2025 के तकनीकी संचालन समिति के सह-अध्यक्ष

जयपुर, 26 जुलाई। राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत को आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नामांकन भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा, खेलो इंडिया इवेंट्स के अनुरोध पर किया गया है।

इस आशय का आधिकारिक पत्र भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. पी.टी. उषा द्वारा जारी किया गया, जिसमें श्री गेहलोत की खेल प्रशासन, तकनीकी दक्षता एवं आयोजन क्षमता की सराहना की गई है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन इस बार राजस्थान में 15 से 25 अक्टूबर 2025 तक होगा। यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि पहली बार इतने बड़े स्तर का विश्वविद्यालय स्तरीय खेल आयोजन राजस्थान को मिला है। देशभर के विश्वविद्यालयों से हज़ारों छात्र-खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। नई दिल्ली में आयोजित भारतीय ओलंपिक संघ की बैठक में, तेजस्वी सिंह गहलोत ने डॉ. पी.टी. उषा को एक और ऐतिहासिक निर्णय के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उन्हें 3 एशियन यूथ गेम्स2025, बहरीन में, 19 से 23 अक्टूबर 2025 तक होने वाले आयोजन में पहली बार कबड्डी को शामिल करवाने के लिए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया।

गहलोत ने कहा कि कबड्डी का एशियन यूथ गेम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर शामिल होना भारतीय संस्कृति और खेल परंपरा की एक बड़ी जीत है। यह निर्णय युवा खिलाड़ियों के लिए नई प्रेरणा और अवसर लेकर आएगा। इसके लिए मैं डॉ. पी.टी. उषा का विशेष आभार व्यक्त करता हूँ।

एक ओर राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन, दूसरी ओर कबड्डी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा – राजस्थान और देश दोनों के लिए गर्व की बात है।

पुरुष एकल जयपुर के मनीष फोगाट व महिला एकल में सुहासी वर्मा को प्रथम वरीयता

जयपुर, 26 जुलाई। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम पर चल रही राजस्थान रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज क्वालीफाइंग राउंड के मैच पूरे हुए पुरुष एकल में 25 खिलाड़ी, मिक्स्ड डबल्स में 6 जोड़ी, गर्ल्स सिंगल्स में 16 खिलाड़ी बॉयज डबल्स में 16 खिलाड़ी की जोड़ी तथा गर्ल्स डबल्स में चार खिलाड़ियों की जोड़ी नाम में राउंड में प्रवेश किया।

आज खेले गए क्वालीफाई मैच में जयपुर के पीयूष पूनिया ने 43 मिनट चला संघर्ष में उदयपुर के यथेष्ट चावत को तीन गेमों में 15 - 10, 13 -15,15- 7 से हरा मेंन राउंड में प्रवेश किया एक अन्य संघर्ष मैच में जयपुर के दिनेश चौधरी ने बीकानेर के दक्ष सेठिया को 13-15 ,15-7,15 -4 से हरा मेन राउंड में प्रवेश किया लड़कों के अंदर-19 बॉयज सिंगल्स में बीकानेर के लविश मलिक ने हनुमानगढ़ के राघव राठी को तीन गेमों में 13-15, 19- 17, 15 -8 से परास्त कर मेन राउंड में प्रवेश किया।

बॉयज डबल्स अंदर 19 के क्वालीफाई राउंड में हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर की जोड़ी सचिन चौधरी और सहज ने उदयपुर की जोड़ी लविराज सिंह और यजत शर्मा को तीन गेमों में काफी संघर्ष के बाद 15- 8 ,13 -15 ,15- 11 से परास्त किया वहीं जयपुर की जोड़ी रुद्राक्ष मीठ्ठा और श्रेयांश चौधरी ने हनुमानगढ़ व भरतपुर की जोड़ी राघव राठी व तन्मय शर्मा को तीन गेम में 15-9,15-9,15 -8 से हराया। गर्ल्स डबल्स अंदर-19 में उदयपुर की जोड़ी गौरी शर्मा और परिधि सोलंकी ने जयपुर की जोड़ी पूर्वी सिहाग और राशिका यादव को तीन गेम जो कि लगभग 45 मिनट चले उसमें 15-7, 14 -16 और 20 -18 से हरा मेंन राउंड में प्रवेश किया। महिला एकल में जयपुर की देशना जैन ने जोधपुर की मनस्वी स्वामी को 15- 8 ,15- 11 आसन खेलों में हराया।

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री मनोज दासोत के अनुसार मेन राउंड के मैच कल से खेले जाएंगे पुरुष एकल में जयपुर के मनीष फोगट को प्रथम वरीयता तथा बीकानेर के जागृत बीनानी को द्वितीय वरीयता दी गई है महिला एकल में भारतीय टीम से खेल चुकी जयपुर की सुहासी वर्मा को प्रथम वरीयता तथा जयपुर की ही सौम्या भटनागर को द्वितीय वरीयता दी गई है पुरुष युगल में जयपुर व टोंक की जोड़ी आर्यन त्यागी मुरली शर्मा को प्रथम वरीयता तथा जयपुर की जोड़ी अंगद खन्ना व अंश कटरा को द्वितीय वरीयता दी गई है।